# 3 सदस्यों का रूस का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा बी.पी.एस.



रूसी प्रतिनिधिमंडल ने महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश से शिष्टाचार भेंट की और रुसी उपहार भी उन्हें भेंट किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद का उद्देश्य भारत और रूस के बीच शैक्षिक व सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करना है। इस संवाद में प्रतिभागियों को रूसी भाषा की विशेषताओं, उच्चारण, अभिवादन के तरीके, तथा रूस के साहित्य, संगीत, नृत्य, भोजन और परंपराओं से परिचित कराया जा सकता है।

गोहाना मुद्रिका, 13 अगस्त : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग ने अपने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद 2025 का आयोजन किया।

इसमें मॉस्को स्थित ए. एस. पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में एवगेनी प्लाखोतिन, पॉलिना डोरोझ्किना और वलेरिया आर्तेमयेवा ने भाग लिया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के शुभारम्भ सत्र की अध्यक्षता प्रो. इप्शिता बंसल ने की।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. मैथाचन के. जे. ने अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया महिला विश्वविद्यालय के रुसी विभाग द्वारा रूसी भाषा में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

पंजाब केसरी
THU,14 AUGUST 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# रूसी भाषा का उद्देश्य भारत व रूस के बीच शैक्षिक व सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करना है : प्रो. सुदेश

गोहाना, 13 अगस्त (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग ने अपने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद-2025 का आयोजन किया। इसमें मॉस्को स्थित ए.एस. पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीच्यूट के 3 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में एवगेनी प्लाखोतिन, पॉलिना डोरोफ्किना और वलेरिया आर्तेमयेवा ने भाग लिया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता प्रो. इप्शिता बंसल ने की।



रूसी प्रतिनिधिमंडल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्रो. सुदेश। (अरोड़ा)

रूसी प्रतिनिधिमंडल ने महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश से शिष्टाचार और रूसी उपहार उन्हें भेंट किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद का उद्देश्य भारत और रूस के बीच शैक्षिक व सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करना है।

इस संवाद में प्रतिभागियों को रूसी भाषा की विशेषताओं, उच्चारण, अभिवादन के तरीके, तथा रूस के साहित्य, संगीत, नृत्य, भोजन और परंपराओं से परिचित करवाया जा सकता है।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. मैथाचन के.जे. ने अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा महिला विश्वविद्यालय के रूसी विभाग द्वारा रूसी भाषा में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।


# बीपीएसएमवी में पुश्किन संस्थान के साथ रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद

गोहाना, 13 अगस्त (रामनिवास धीमान) उपमंडल के गाँव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग ने अपने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद 2025 का आयोजन किया। इसमें मॉस्को स्थित ए. एस. पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल एवगेनी प्लाखोतिन (डिप्टी हेड, प्रोजेक्ट ऑफिस), सुश्री पॉलिना डोरोफ़िकना और सुश्री वलेरिया आर्तेमयेवा (विश्व में रूसी भाषा की राजदूत) ने भाग लिया। शुभारम्भ सत्र की अध्यक्षता प्रो इप्शिता बंसल द्वारा किया गया। प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद का उद्देश्य भारत और रूस के बीच शैक्षिक व सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करना है। विभागाध्यक्ष प्रो. मैथाचन के. जे. ने अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित महिला विश्वविद्यालय के रूसी विभाग द्वारा रूसी भाषा में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र की शुरुआत रेजिना ग्लोसा प्रतियोगिता से हुई, जिसमें आठ प्रतिभागियों ने सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में भाषा की भूमिका विषय पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम मानसी ने द्वितीय तथा मेघा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्मार्ट बोर्ड की मदद से आयोजित इंटरैक्टिव रूसी भाषा सत्र में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पारंपरिक मैट्र्योश्का स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए।



कुलपति प्रो. सुदेश को रूसी स्मृति भेंट करता रूसी प्रतिनिधिमंडल।

# रूसी भाषा की विशेषताओं से अवगत कराया



कुलपति प्रो. सुदेश को स्मृति भेंट करते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य

**वि., गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग ने रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद 2025 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मास्को स्थित एएस पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट से तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ, जिसमें डिप्टी हेड प्रोजेक्ट आफिस एवगेनी प्लाखोतिन, पालिना डोरोझ्किना और वलेरिया आर्तेमयेवा शामिल थे। शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता प्रो. इप्शिता बंसल ने की। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. सुदेश से भेंट की, जिन्होंने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य भारत और रूस के बीच शैक्षिक व सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना है। प्रतिभागियों को रूसी भाषा की विशेषताओं, साहित्य, संगीत, नृत्य और परंपराओं से अवगत कराया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. मैथाचन केजे ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। रेजिना ग्लोसा प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम, मानसी ने द्वितीय और मेघा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रूसी भाषा एवं संस्कृति संवादः 2025 का आयोजन

# महिला विवि में पहुंचा तीन सदस्यीय रूसी प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रूसी भाषा एवं संस्कृति संवादः 2025 का आयोजन किया। इसमें मास्को स्थित एएस पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट से तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। इसमें डिप्टी हेड प्रोजेक्ट आफिस एवगेनी प्लाखोतिन, पालिना डोरोझ्किना, और वलेरिया आर्तेमयेवा (विश्व में रूसी भाषा की राजदूत) ने भाग लिया। शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता प्रो. इप्शिता बंसल ने की।



गोहाना। रूसी प्रतिनिधिमंडल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदेशी भाषा विभाग एक विभागाध्यक्ष व अन्य।

### विकास में भाषा की भूमिका पर दी प्रस्तुति

रूसी प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश से भेंट की। कुलपति ने कहा कि रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद का उद्देश्य भारत और रूस के बीच शैक्षिक व सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करना है। इस संवाद में प्रतिभागियों को रूसी भाषा की विशेषताओं, उच्चारण, अभिवादन के तरीके, रूस के साहित्य, संगीत, नृत्य, भोजन और परंपराओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यह संवाद न केवल भाषा सीखने का अवसर देगा बल्कि पारस्परिक समझ और मित्रता को भी गहरा करेगा। विभागाध्यक्ष प्रो. मैथाचन केजे ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रेजिना ग्लोसा प्रतियोगिता से हुई, जिसमें आठ प्रतिभागियों ने सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में भाषा की भूमिका पर प्रस्तुति दी। हिमांशी ने प्रथम, मानसी से द्वितीय व मेघा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# न्यूज ब्रीफ

## बीपीएस विवि में हुआ रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद



**गोहाना**| बीपीएस महिला विवि के विदेशी भाषा विभाग ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद का आयोजन किया। इस संवाद में मॉस्को स्थित एएस पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में एवगेनी प्लाखोतिन, पॉलिना डोरोझ्किना और वलेरिया आर्तेमयेवा ने भाग लिया। रूसी प्रतिनिधिमंडल ने महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें रूसी उपहार भेंट किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद का उद्देश्य भारत और रूस के बीच शैक्षिक व सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करना है। इस संवाद में प्रतिभागियों को रूसी भाषा की विशेषताओं, उच्चारण, अभिवादन के तरीके, तथा रूस के साहित्य, संगीत, नृत्य, भोजन और परंपराओं से परिचित कराया जा सकता है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. इप्शिता बंसल ने की। इस मौके पर विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. मैथाचन केजे मौजूद रहे।



Russian delegation presents a souvenir to VC Sudesh in Sonepat.

# Sonepat varsity organises cultural, language exchange with Russian delegation

TRIBUNE NEWS SERVICE

SONEPAT, AUGUST 13

The Department of Foreign Languages at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya (BPSMV), Sonepat, organised the Russian Language and Culture Interaction 2025 as part of its orientation programme.

A three-member delegation from the A.S. Pushkin State Russian Language Institute, Moscow — Evgeny Plakhotin (Deputy Head, Project Office), Polina Dorozhkina and Valeria Artemyeva (Ambassadors of the Russian Language in the World) — took part in the event.

During their visit, the delegation met Vice-Chancellor Prof Sudesh and presented her with souvenirs from Russia. Speaking on the occasion, Prof Sudesh said the purpose of the interaction was to strengthen educational and cultural ties between India and Russia.

The programme introduced participants to Russian pronunciation, greetings, literature, music, dance, cuisine and traditions. Prof Sudesh added that discussions could also cover historical relations between the two nations, international cooperation and student exchange programmes. Such interactions, she noted, not only provide opportunities to learn a language but also deepen mutual understanding and friendship.

The inauguration began with the lighting of the ceremonial lamp. Head of Department Prof Mathachan KJ honoured the guests with angvastras and floral bouquets and outlined the event's structure. The university's Russian Department presented a welcome song in Russian.


नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड
"National Insurance Company Limited"
(A Govt. Of India undertaking)
IRDA Registration No. 58, CIN No. U10200WB1906GOI001713

**IMPORTANT NOTICE**

This is for the information to all Policyholders, Intermediaries, Associates, Ombudsman, General Public and other Government Offices that " **National Insurance Company Ltd., Business Office, Sirsa**" is shifting to the following new premises w.e.f. 6th October, 2025

**1st Floor**
**S.G.Towers,**
**Arya Samaj Road,**
**Opposite Main Post Office,**
**Sirsa-125055 (Haryana)**

(K.G. Sharma)
Dy. General Manager